Seventeenth Loksabha

>

Title: Request to convert National Highway 21 from Jaipur to Agra as a six lane road.

श्रीमती रंजीता कोली (भरतपुर): अध्यक्ष जी, आपने मुझे सदन में बोलने का मौका दिया है, इसके लिए मैं आपका आभार व्यक्त करती हूं ।

मैं आपका ध्यान अपने संसदीय क्षेत्र भरतरपुर की सड़क छोकरवाडा से धौलपुर तक वाया भुसावर, बयाना, बंधबरेठा, बाड़ी, बसेड़ी की सड़क की ओर आकर्षित करना चाहती हूं ।

महोदय छोकरवाडा से बयाना होते हुए धौलपुर तक सड़क की लम्बाई लगभग 105 किमी है । बयाना के बंसी पहाड़पुर में विश्व प्रसिद्ध लाल पत्थर की मण्डी है, यह लाल पत्थर पूरे देश की ऐतिहासिक इमारतों में लगा है । हमारा सौभाग्य है कि वर्तमान में भव्य राम मन्दिर के निर्माण में भी इस पत्थर का उपयोग हो रहा है, जिसके कारण इस सड़क पर वाहनों का आवागमन बहुत ज्यादा है, जिससे इस सड़क की स्थिति बहुत खराब हो रही है तथा जगह-जगह सड़क की कम चौडाई के कारण आम-जन को इस सड़क पर जाम के साथ-साथ बड़ी दुर्घटनाओं का सामना भी करना पड़ता है । यदि इस सड़क को राष्ट्रीय राजमार्ग में सम्मिलित कर चार लेन का बना दिया जाए तो व्यापारियों के साथ-साथ आमजन को भी इससे काफी लाभ मिलेगा ।

महोदय इसके साथ ही आपसे सदन के माध्यम से अनुरोध करती हूँ कि राजस्थान एवं उत्तर प्रदेश को जोड़ने वाले तथा पयर्टन की दृष्टि से बहुत महत्वपूर्ण राष्ट्रीय राजमार्ग 21 जयपुर से आगरा को भी अधिक आवागमन तथा व्यस्त होने के कारण जनहित के लिए छह लेन का किया जाए । धन्यवाद ।